WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A./B.Com. Programme 3rd Semester Examination, 2021-22

HINLCOR01T-HINDI (MIL)

हिन्दी भाषा और साहित्य

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5 = 5

(क) 'हिंदी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास' के रचनाकार कौन हैं ?

(ख) 'पुष्टिमार्ग का जहाज जात है, सो जाको कछु लेना होय सो लेउ'– यह पंक्ति किसके संदर्भ में कही गई है ?

(ग) बिहारीलाल किसके दरबारी कवि थे ?

(घ) त्रिवेणी के रचनाकार कौन हैं ?

(ङ) कबीर की भाषा को पंचमेल खिचड़ी किसने कहा ?

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5×3 = 15

(क) कहत नटत रीझत खिझत मिलत खिलत लजियात।
भरे भौन मैं करत हैं नैननु ही सब बात॥

(ख) साजि चतुरंग सैन अंग में उमंग धरि,
सरजा सिवाजी जंग जीतन चलत है।
भूषण भनत नाद बिहद नगारन के,
नदी-नद मद गैबरन के रलत है।

(ग) सतगुर हम सूँ रीझि करि, एक कह्या प्रसंग।
बरस्या बादल प्रेम का भीजि गया सब अंग॥

(घ) उधो, मन न भए दस बीस।

एक हुतो सो गयौ स्याम संग, को अवराधै ईस॥

सिथिल भईं सबहीं माधौ बिनु जथा देह बिनु सीस।

स्वासा अटकिरही आसा लगि, जीवहिं कोटि बरीस॥

तुम तौ सखा स्यामसुन्दर के, सकल जोग के ईस।

सूरदास, रसिकन की बतियां पुरवौ मन जगदीस॥

(ङ) या अनुरागी चित्त की गति समुझै नहिं कोइ।

ज्यौं-ज्यौं बूड़ै स्याम रँग त्यौं-त्यौं उज्जल होइ॥

3. हिंदी शब्द की व्युत्पत्ति को स्पष्ट करते हुए इसके उद्भव-विकास पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

''कबीर कवि और भक्त बाद में थे, वे समाज सुधारक पहले थे।''– इस कथन का मूल्यांकन कीजिए।

4. 'भूषण राष्ट्रीय कवि हैं या जातीय कवि हैं ?'– तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए। 15

अथवा

''सूरदास में जितनी सहृदयता और भावुकता है, उतनी ही चतुरता और वाग्वैदग्ध्य भी है।''– इस कथन पर विचार प्रकट कीजिए।

N.B. : *Students have to complete submission of their Answer Scripts through E-mail / Whatsapp to their own respective colleges on the same day / date of examination within 1 hour after end of exam. University / College authorities will not be held responsible for wrong submission (at in proper address). Students are strongly advised not to submit multiple copies of the same answer script.*

——×——